आईटीएस में आयोजित इनोवेशन में मेवाड़ के छात्रों ने मारी बाजी

गाजियाबाद। आईटीएस कॉलेज में आयोजित इनोवेशन 2015 अर्न्तमहाविद्यालय आईटी इवेंट में मेवाड़ के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में 47 टीमों व 17 संस्थानों ने प्रतिभाग लिया। इनोवेशन में प्रतिभागियों ने वर्तमान समय की विभिन्न समस्याओं के समाधान अपने सूचना प्रौद्योगिकी तंत्रों द्वारा अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। निर्णायक मण्डल द्वारा छात्रों के प्रोजेक्ट का गहनता से निरीक्षण किया गया जिसके बाद मेवाड़ की प्रियंका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आईटीएस के विकास, प्रशांत और अमर दूसरे स्थान, प्रज्ञा व प्रेम, अभिषेक, शिवम तीसरे स्थान पर रहे। कार्तिक , कुन्तल, आदित्य कुमार, अमित, नमिता, मधुमति, हिमाशुं, संजीव, समीर, मनोज शुक्ला, प्रखर जिन्दल ने सांत्वना पुरस्कार जीता।

इस मौके पर संस्थान के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार पाण्डेय, कार्यक्रम संयोजक प्रो. सौरभ सक्सैना आदि उपस्थित रहे।

स्टूडेंट्स ने दिखाया अपना हुनर

नगर संवाददाता, मोहन नगर : आईटीएस में शुक्रवार को प्रोजेक्ट आइडिया प्रजेंटेशन एंड इनोवेशन-2015 का आयोजन किया गया। इसमें यूनिवर्सिटी से लगभग 47 और 17 अन्य संस्थानों से टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें इंदौर, लखनऊ, मेरठ आदि से टीमों ने भाग लिया। सभी ने मौजूदा समय की समस्याओं के समाधान प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रस्तुत किए। इस दौरान कई स्टूडेंट्स ने सिंगिंग और डांस का हुनर भी दिखाया। प्रतियोगिता का शुभारंभ 10 बजे संस्थान के सभागार में संपन्न हुआ, जहां संस्थान के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार पांडेय, प्रो. सौरभ सक्सेना और स्टाफ मौजूद रहा। यहां कुल 11 प्रतिभागी को रुपये, मेडल, प्रमाणपत्र के साथ सम्मानित किया गया। मेवाड़ यूनिवर्सिटी की प्रियंका को प्रथम, आईटीएस के विकास, प्रशांत और अमर को द्वितीय, नैशनल पीजी कॉलेज, लखनऊ की प्रज्ञा श्रीवास्तव को और डीएवी कॉलेज इंदौर के अभिषेक कुमार को तृतीय पुरस्कार मिला। वहीं गाजियाबाद के काइट के सौरभ सिंह ने भी थर्ड प्राइज जीता।